वर्ष: 10 - अंक : 5, मुंबई, बुधवार, 26 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# नरेंद्र मेहता की करतूतों से...

# मीरा-भायन्दर में मचा घमासान



पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता



संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** मीरा-भायन्दर के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता की काले कारनामे अब जनता के सामने आ चुके है, सूत्रों के मुताबिक नरेंद्र मेहता कि गर्लफ्रेंड नीला सोन्स ने उन्ही का विडियो सत्ता से गिरते ही शोशल मिडिया पर वायरल कर दिया इस विडियो के वायरल होते ही नरेंद्र मेहता कि पोल अब जनता के सामने खुल चुकी है, शोशल मिडिया के जरिये नीला सोन्स ने बताया कि नरेंद्र मेहता से उन्हे और उनके परिवार को जान का खतरा है, विचारणीय बात यह है, कि नरेंद्र मेहता जब सत्ता मे थे तब नीला सोन्स उनकी गर्लफ्रेंड बनी हुई थी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

शुध्द घी में बना
केसरीया मलाई घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501


## 'टैरिफ किंग' कहने वाले ट्रंप फिर हुए नाराज

### कहा- भारत हमारे साथ ठीक नहीं कर रहा



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत दौरे पर हैं और पत्रकारों से बातचीत में फिर उन्होंने टैरिफ को लेकर भारत को घेरने की कोशिश की। ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भारत हमारे साथ ठीक नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत हार्ले डेविडसन की बाइक्स पर बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ इंसाफ नहीं कर रहा है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## दिल्ली में 3 दिन से हिंसा



### दावा- फोर्स की कमी से हिंसा बढ़ती रही, 3 घंटे बाद पुलिस कमिश्नर बोले- हमारे पास पर्याप्त बल

**संवाददाता/नई दिल्ली।** सीएए के विरोध में दिल्ली हिंसा में मौतों का आंकड़ा मंगलवार को 10 हो गया। दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के आला अफसरों की मीटिंग हुई। बाद में बातचीत में दिल्ली के पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने कहा- कुछ समाचार एजेंसियों ने खबर चलाई थी कि दिल्ली पुलिस ने कहा है कि उसे गृह मंत्रालय से पर्याप्त बल नहीं मिला। यह जानकारी गलत है। होम मिनिस्ट्री लगातार हमारा सहयोग कर रही है। हमारे पास पर्याप्त बल है। उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### किराए की गाड़ी से चलेंगे बीएमसी अधिकारी

**मुंबई।** देश की आर्थिक रूप से सबसे मजबूत मुंबई महानगरपालिका के अधिकारी भाड़े की गाड़ी से चलेंगे। बीएमसी ने अपने अधिकारियों के लिए 185 वाहन (जीप व कार) भाड़े पर 1 साल के लिए लेने का फैसला किया है। इसके लिए बीएमसी की तिजोरी पर 5.21 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। इसकी मंजूरी के लिए जल्द ही स्थायी समिति की बैठक में प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

बीएमसी की तरफ से जल अभियंता, सीवरेज, मुंबई सीवरेज और पानी आपूर्ति परियोजना की देखभाल के लिए अधिकारियों को वाहन उपलब्ध कराया जाता है। परिवहन विभाग के पास 145 जीप और 12 कार ही अच्छी स्थिति में हैं, जबकि महानगर और शहर के बाहर कार्य के लिए 185 वाहनों की आपूर्ति की जाती है। बीएमसी के परिवहन विभाग के पास कुल 384 वाहन हैं, जिसमें जीप और कार शामिल हैं। बीएमसी 185 वाहन भाड़े पर लेती है। बीएमसी ने कई खामियों को देखते हुए दिसंबर 2019 में इस सेवा पर रोक लगा दी थी। वाहन न उपलब्ध होने कारण काम में अड़चन पैदा होने लगी थी। इसीलिए बीएमसी ने अगले एक साल के लिए 185 वाहन भाड़े पर लेने का फैसला किया है। बीएमसी ने वाहन भाड़े पर लेने के लिए 4.96 करोड़ रुपये का अंदाज लगाया था, लेकिन 5.21 करोड़ का सबसे कम टेंडर ठेकेदार की ओर से भरा गया है। बीएमसी को वहां आपूर्ति के लिए चार कंपनियों ने टेंडर भरा था। बीएमसी को वाहन आपूर्ति करते समय कंपनी को कई शर्तों और नियमों का पालन करना होगा। वर्ना बीएमसी उसके बदले आर्थिक दंड लगाएगी।

कंपनी के लिए शर्त

- वाहन न उपलब्ध कराने पर प्रतिदिन प्रति वाहन 1500 रुपये का दंड भरना होगा।

-गाड़ी खराब होने पर यदि दो घंटे के भीतर वाहन ठीक नहीं होता और नया वाहन उपलब्ध कराने में ठेकेदार फेल होता है तो उसे प्रति वाहन 1000 रुपये दंड लगेगा ।

-काम पूरा न होने या आदेश का पालन न करने पर प्रतिदिन प्रति वाहन 1000 रुपये दंड भरना पड़ेगा ।

-गाड़ियों के आगे बीएमसी सेवार्थ लिखना अनिवार्य होगा, नहीं तो प्रति वाहन 100 रुपये दंड लगाया जाएगा।

-गाड़ियों में दो पंखे, 1 फायर सेफ्टी मशीन लगाना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं होता है, तो प्रति वाहन प्रतिदिन 100 रुपये दंड भरना होगा।

### मुंबई के नालों से अब नहीं आएगी दुर्गंध

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के गंदे और बदबूदार नाले महानगर पर बदनुमा धब्बे की तरह हैं। आनेवाले समय में मुंबईकरों को इससे निजात मिल सकती है। इसके लिए बीएमसी योजना बना रही है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि गंदे नालों से आ रही दुर्गंध और बदबू को दूर करने के लिए हम योजना बना रहे हैं, जल्द ही इसके सर्वे का काम शुरू किया जाएगा। नालों के आसपास अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है, इससे साफ-सफाई में आसानी होगी। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य नालों के पानी को साफ और शुद्ध करना है, जिससे शहर के नाले किसी के लिए परेशानी का कारण न बनें। नालों को इतना साफ रखने की योजना बनाई जा रही है कि लोगों को उसके बगल से गुजरते समय नाक न बंद करना पड़े। अधिकारी ने कहा कि मुंबई के गंदे नालों के लिए रहिवाशी भी जिम्मेदार हैं। लोग नालों में कचरा, गंदा पानी, सामान डाल देते हैं। कुछ स्थानों पर जहां जानवर पाले जाते हैं, वहां जानवरों का गोबर और मरे हुए जानवरों को भी नाले में डाल देते हैं। नालों से सटी झोपड़पट्टियों के शौचालय नालों में खोल दिए जाते हैं। ऐसा करनेवालों के खिलाफ बीएमसी एक ऐक्शन प्लान बना रही है।

## देवड़ा ने की कांग्रेस को ट्रंप से दूर रखने की आलोचना

**मुंबई।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के सरकारी कार्यक्रम से कांग्रेस के नेताओं को दूर रखने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की है। देवड़ा ने अपनी नाराजगी ट्वीट के जरिए व्यक्त की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में उनके पिता स्वर्गीय मुरली देवड़ा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज हम उसी के फल खा रहे हैं। लेकिन यह देख कर अप्रसन्नता हो रही है कि कांग्रेस जो कि इस समय भारत का सैद्धांतिक रूप से मुख्य विपक्षी दल है, उसके नेताओं को राजनयिक संबंधों से अलग किया जा रहा है। जब बड़े नेता मिलते हैं, तो हमें सदियों पुरानी लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए।

बता दें कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नजरअंदाज किए जाने से नाराज होकर पूर्व प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह ने भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मान में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 25 फरवरी को आयोजित आधिकारिक भोज में शामिल नहीं होंगे का ऐलान कर दिया है। सिंह ने पहले निमंत्रण स्वीकार कर लिया था, लेकिन उन्होंने इस भोज में शामिल होने में सोमवार को असमर्थता जाहिर की। सिंह के नजदीकी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भोज में शामिल नहीं हो पाने को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय से खेद जताया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को आमंत्रित नहीं किए जाने के विरोध में आधिकारिक भोज में शामिल नहीं होंगे। सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की नेता भी हैं। विपक्षी कांग्रेस इस बात को लेकर मोदी सरकार से नाराज है कि उसके शीर्ष नेताओं को भारत आए अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ परंपरा के अनुसार बैठक की अनुमति नहीं दी गई। लोकसभा में कांग्रेस के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने भी पार्टी के शीर्ष नेताओं को निमंत्रण नहीं दिए जाने के विरोध में भोज में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह संभवतः पहली बार है जब मुख्य विपक्षी दल के नेता यात्रा पर आए किसी राष्ट्राध्यक्ष के सम्मान में आयोजित आधिकारिक भोज में शामिल नहीं होंगे और अलग से बैठक नहीं करेंगे।

## मरीज के पेट से निकाली 7 किलो की किडनी

**मुंबई।** वैसे तो किडनी का साइज 120-150 ग्राम होता है, लेकिन मुंबई के डॉक्टरों ने एक मरीज के पेट से 7 किलो की एक किडनी निकाली है। अगर दोनों किडनी की बात करें तो इनका वजन 12.8 किलो निकला है। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज को यह समस्या ऑटोसोमल डोमिनेंट पॉलिसिस्टिक किडनी डिजीज (एडीपीकेडी) के कारण हुई थी।

एक निजी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, गोवा के रहने वाले रोमन (41) खराब किडनी के कारण लंबे समय से डायलिसिस पर थे। मरीज को इससे छुटकारा दिलाने के लिए न केवल उन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत थी, बल्कि बढ़ रही किडनी को भी निकालना था। नतीजतन डॉक्टरों ने पहले सर्जरी कर मरीज की किडनी निकाली और उसके बाद स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट के जरिए नई जिंदगी भी दी। अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप राव ने बताया कि रोमन की मम्मी को (एडीपीकेडी) की शिकायत थी। नतीजतन रोमन को भी यह समस्या हो गई थी। किडनी के बढ़ते साइज के कारण न केवल इसने काम करना बंद कर दिया था, बल्कि इससे रोमन को चलने-फिरने में भी काफी दिक्कत हो रही थी। नतीजतन खराब हो चुकी दोनों किडनी को निकालना पड़ा। रोमन की बाईं किडनी का वजन 7 किलो, जबकि दाहिनी किडनी का वजन 5.77 किलो था। ऐसे मां-बाप जिन्हें एडीपीकेडी की शिकायत होती है, उनके बच्चों में इस समस्या के होने की 50 प्रतिशत



संभावना होती है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में मरीज के पेट से 7.4 किलो की किडनी निकाली गई थी, जबकि दुनिया में अबतक सबसे वजनी 9 किलो की किडनी एक मरीज के पेट से निकाली जा चुकी है।

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, रोमन को नई जिंदगी देने में उनकी पत्नी की अहम भूमिका है। वैसे तो रोमन की पत्नी ही रोमन को किडनी दान करना चाहती थीं, लेकिन कुछ तकनीकी खामियों के कारण उनकी किडनी रोमन को नहीं मिल सकी। नतीजतन डॉक्टरों ने स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट का सहारा लिया। इसके तहत किडनी की बीमारी से जूझ रहे अमरावती के एक मरीज नितिन की पत्नी ने रोमन को किडनी दी, जबकि रोमन की पत्नी ने नितिन को किडनी दी। इसके बाद दोनों मरीजों को नई जिंदगी मिली।

### बीएमसी में 5 दिन का सप्ताह लागू करने में होगी देरी

**मुंबई।** राज्य में सरकारी कार्यालयों में 29 फरवरी से शुरू होने वाले 5 दिन के सप्ताह का लाभ मुंबई महानगरपालिका के कर्मचारियों को देरी से मिलेगा। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को सरकार द्वारा जारी शासनादेश की प्रति हमें मिल गई है, लेकिन इसे लागू करने के लिए कुछ प्रोसेस पूरे करने होंगे। अधिकारी ने बताया कि बीएमसी कमिश्नर की मंजूरी के बाद इसे आमसभा में पास करवाना होगा। उन्होंने बताया कि बीएमसी आमसभा की अगली बैठक 5 मार्च को है, इसलिए इस कानून को यहां लागू करने में देरी हो सकती है। अधिकारी ने बताया कि बीएमसी में मंजूरी मिलने में कोई परेशानी नहीं आएगी, उसके बाद यह कानून बीएमसी में लागू हो जाएगा। जिसके बाद कर्मचारियों को शनिवार और रविवार की छुट्टी मिलेगी।

## कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान महिला को पति ने दिया ट्रिपल तलाक, केस दर्ज

**मुंबई।** एक महिला ने मुंबई में पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके पति ने कथित तौर पर कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान उन्हें तलाक दे दिया। 27 वर्षीय महिला ने दावा किया कि उसके ससुरालवालों ने उस पर दबाव बनाया कि वह अपने माता-पिता के साथ चली जाए। हालांकि, उसकी बहन ने इस मामले को सुलझाने के लिए अपने पति को कॉल किया। तीन लोगों के बीच फोन पर बात चल ही रही थी कि पीड़ित महिला को उसके पति ने तलाक दे दिया।

समता नगर पुलिस के मुताबिक, महिला फिलहाल कांदिवली (ईस्ट) में अपने माता-पिता के साथ रहती हैं। उनकी शादी अप्रैल 2018 में हुई थी। शादी के बाद वह लड़के और उसके



परिवारवालों के साथ कालाम्बोली चली गई थीं।

महिला ने अपनी शिकायत में कहा है, 'ससुरालवालों की मांग के मुताबिक उनके पिता ने लड़के को गाड़ी और राडो वॉच दी थी। शादी के कुछ महीने बाद उन्होंने मुझसे पैसे मांगने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। महिला ने इस बात का भी दावा किया कि मानसिक और शारीरिक तनाव की वजह से उनका गर्भपात हो गया।' महिला ने यह भी कहा कि इस गर्भपात का कारण ससुरालवालों ने उन्हें ही ठहरा दिया और कहा कि अपने घरवालों से पैसे मांगो। महिला दिसंबर 2018 में फिर से गर्भवती हुईं और फिर से उनका गर्भपात हो गया।

अधिकारी ने कहा, 'बाद में पीड़ित को इस बात का पता चला कि उसके पति के खिलाफ कालाम्बोली, मुंब्रा और मानखुर्द पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। लगातार ससुरालवालों के शोषण का शिकार बन रही महिला को मजबूरन अपने माता-पिता के साथ पिछले वर्ष अप्रैल महीने में लौटना पड़ा।'

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सरकार ने विधायकों-मंत्रियों को पढ़ाया शांति पाठ

**मुंबई।** महाविकास आघाडी ने अपने विधायकों और मंत्रियों को सोमवार को शांति मंत्र दिया। इसके तहत विधायकों और मंत्रियों से कहा गया है कि विपक्ष को जो हंगामा करना है, करने दें और उकसावे में न आएं। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), नैशनल पॉपुलेशन रजिस्टर (एनपीआर), नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन (एनआरसी) पर बयान देने से बचें। साथ ही हिंदुत्व व वीर सावरकर के मुद्दे पर भी बोलने से परहेज करें। उनसे कहा गया कि ऐसा कोई मुद्दा या फिर बयान न दें, जिससे विपक्ष को मुद्दा मिल जाए। उन्हें विश्वास दिलाया गया कि यह सरकार मजबूती से पूरे 5 साल चलने वाली है।

महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के पहले ही दिन विरोधी दल बीजेपी ने आक्रामक तेवर दिखाए। बीजेपी विधायकों के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी। सदन में हंगामे के बाद ही दल के विधायकों को हमेशा सदन में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया। साफ कहा गया कि जब तक सदन की कार्यवाही चलती है, तब तक विधायक सदन छोड़कर नहीं जाएं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, कांग्रेस के बालासाहेब थोरात सहित अन्य दिग्गज नेताओं व मंत्रियों ने विधायकों को संबोधित किया। विधायकों से साफ कहा गया बेहतर होगा कि सत्ताधारी दल व उसे समर्थन देने वाले दल का कोई भी विधायक सीएए, एनपीआर और एनआरसी पर कोई बयान देने से बचे।



महाविकास आघाडी के मंत्रियों और विधायकों के अलावा सरकार को समर्थन देने वाले विधायकों की बैठक हुई। बैठक में विपक्ष का मुकाबला करने के लिए विधानसभा और विधानपरिषद की बैठक में सत्ताधारी

ठाकरे ने कहा कि पिछले तीन महीने से सहयोगियों के बीच 'अच्छा तालमेल और सहयोग' है। उन्होंने गठबंधन सहयोगियों के बीच आगे सहयोग मजबूत करने की बात कही। तीनों दलों के बीच 'सुगम' रिश्ते हैं। एक सूत्र ने बताया कि ठाकरे ने विधायकों से कहा कि वह राकांपा अध्यक्ष शरद पवार और कांग्रेस नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं और गठबंधन में मतभेद के बीजेपी के दुष्प्रचार पर विश्वास न करें। बैठक के बाद एक मंत्री ने बताया कि ठाकरे ने विधायकों से कहा कि हाल में दिल्ली की मेरी यात्रा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अच्छी बातचीत हुई। हमने एक घंटे तक तकरीबन हर मुद्दे पर चर्चा की।

गौरतलब है कि सीएए और एनपीआर को लेकर जहां प्रमुख सत्ताधारी दल शिवसेना समर्थन में है, वहीं सरकार में शामिल कांग्रेस विरोध कर रही है। राकांपा ने पत्ते नहीं खोले हैं।

ऐसे में विधायक या किसी मंत्री का सीएए और एनआरसी पर बोलने का मतलब है विपक्ष को मौका देना। अब देखना दिलचस्प होगा कि महाविकास आघाडी के विधायक खुद पर कितना संयम रखते हैं?

# कोरोना वायरसः मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अब तक 50 हजार लोगों की जांच

**मुंबई।** कोरोना वायरस की आशंका को लेकर मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर अब तक 50 हजार लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा चुकी है। अच्छी बात यह है कि अब तक एक भी इंसान में इस बीमारी की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, ऐहतियातन कई लोगों को राज्य के अलग-अलग अस्पताल में निगरानी में रखा गया है।

चीन में आफत बना कोरोना वायरस अब तक 2200 लोगों की जान ले चुका है, जबकि 75 हजार से अधिक लोग इसकी चपेट में हैं। बीमारी चीन से दूसरे देश भी पहुंच रही है। ऐसे में पड़ोसी देशों के एयरपोर्ट पर मरीजों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। राज्य स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, अब तक 50 हजार लोगों की जांच की गई है। इसमें 294 लोग कोरोना प्रभावित इलाकों से आए हैं।



इनमें से 85 लोगों में सर्दी-बुखार और अन्य ऐसी शिकायतों के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 84 लोगों के जांच रिपोर्ट कोरोना वायरस के प्रति निगेटिव पाए गए हैं। ज्यादातर मरीजों का अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य में आइसोलेशन बेड्स की संख्या बढ़ाकर 361 कर दी गई है।

# पुलिस को गेटवे ऑफ इंडिया पर विरोध-प्रदर्शन की आशंका, सर्तकता बढ़ी



**मुंबई।** दिल्ली में भड़की हिंसा को देखते हुए मुंबई में पुलिस ने गेटवे ऑफ इंडिया के पास विरोध-प्रदर्शनों की आशंका के चलते सतर्कता बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार दक्षिण मुंबई में ताज महल पैलेस होटल के पास स्थित गेटवे ऑफ इंडिया के आसपास बड़ी तादाद में पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। लोगों और वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए पास की सड़कों पर अवरोधक लगाए गए हैं उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैल रहे दिल्ली हिंसा के खिलाफ कैंडललाइट विरोध प्रदर्शन करने के आह्वान से संबंधित संदेशों को देखते हुए गेटवे ऑफ इंडिया पर सतर्कता बरतने के लिए यह कदम उठाया।पुलिस उपायुक्त (ऑपरेशन) प्रणय अशोक ने कहा, विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थान आजाद मैदान को छोड़कर शहर के किसी भी स्थान पर सभा की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो लोग किसी भी गैरकानूनी सभा में शामिल होंगे उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# दिल्ली हिंसा के खिलाफ मुंबई में प्रदर्शन, पुलिस ने हिरासत में लिया




**मुंबई।** दिल्ली में हुई हिंसा के खिलाफ सोमवार की रात मुंबई में मरीन ड्राइव पर लोग धरने पर बैठ गए। ये लोग हाथ में मोमबत्ती लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। मुंबई पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत मरीन ड्राइव पर नहीं दी गई थी।

मुंबई जोन 1 के डीसीपी संग्राम सिंह निशानदर ने कहा कि मुंबई में प्रदर्शन करने की जगह आजाद मैदान है। लेकिन कुछ लोग वहां जाने की बजाय गेटवे ऑफ इंडिया जा रहे थे। जब हमने उन्हें रोका तो वे मरीन ड्राइव पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों को इससे दिक्कत हो रही थी। प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक यहां से हटा दिया गया है।

आपको बता दें कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नागरिकता संशोधन कानून के विरोध और समर्थन करने वालों के बीच दो दिनों से हिंसा हो रही है। इस हिंसा में दिल्ली पुलिस के एक हेड कॉन्स्टेबल समेत 4 लोगों की मौत हो चुकी है। मुंबई में हिंसा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे इन लोगों का कहना है कि वे किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ हैं और दिल्ली में जो कुछ हुआ उसकी निंदा करते हैं।

## '1998 में हो जाता दाऊद का अंत, लेकिन भारतीय एजेंसियों की शह पर बना छोटा राजन का प्लान फेल हो गया'

**मुंबई।** 8 जनवरी को बिहार की राजधानी पटना से अरेस्ट अंडरवर्ल्ड डॉन एजाज लकड़ावाला ने मुंबई क्राइम ब्रांच से पूछताछ के दौरान एक बड़ा खुलासा किया है। एजाज ने क्राइम ब्रांच से हुई पूछताछ में बताया है कि साल 1998 में भारतीय एजेंसियों की मदद से छोटा राजन की एक टीम ने डी-कंपनी के चीफ दाऊद इब्राहिम को मारने का प्लान बनाया था। इसके लिए कराची की एक दरगाह के पास छोटा राजन के खास गुर्गे विक्की मेहरोत्रा को लगाया गया था। लेकिन अंतिम वक्त पर दाऊद को इस प्लान की भनक लग गई।

एजाज ने एजेंसी से हुई पूछताछ में बताया कि छोटा



राजन ने भारतीय खुफिया एजेंसियों की दाऊद के खात्मे का प्लान बनाया था। इस ऑपरेशन की जिम्मेदारी राजन ने अपने खास आदमी विक्की मेहरोत्रा को दी थी। राजन ने कराची की एक दरगाह के बाहर दाऊद के खात्मे का प्लान बनाया था और इसके लिए 10 लोगों की एक खास टीम तैयार कराई गई थी। टीम में विक्की को ऑपरेशन का इंचार्ज बनाया गया था, वहीं एजाज लकड़ावाला समेत फरीद तनाशा, बालू डोकरे, विनोद माटकर, संजय घाटे और बाबा रेड्डी को शामिल किया गया था।

जिस दरगाह के बाहर दाऊद को मारने का प्लान बनाया गया था, वहां पर दाऊद अपनी बेटी की मौत के बाद कुछ रस्मों को पूरा करने आने वाला था। दाऊद की बेटी मारिया की मौत के बाद बने इस प्लान के लिए सबकुछ तैयार ही था, लेकिन अचानक दाऊद को इस प्लान की भनक लग गई। नेपाल के एक सांसद और दाऊद के करीबी मिर्जा दिलशाद बेग ने डी-कंपनी को इस पूरे प्लान की जानकारी दे दी और दाऊद दरगाह तक पहुंचा ही नहीं। एजाज ने पूछताछ में बताया कि नाना (छोटा राजन) इस घटना से इतना नाराज था कि उसने इसी साल नेपाली सांसद मिर्जा दिलशाद बेग की गोली मारकर हत्या करा दी।

# सोलापुर के सांसद जयसिद्धेश्वर स्वामी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया

## सुशील कुमार शिंदे और प्रकाश आंबेडकर को चुनाव में हराया था

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के सोलापुर से सांसद जयसिद्धेश्वर स्वामी शिवाचार्या का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है। जिला जाति वैधता समिति ने सोमवार को बताया कि चुनावी हलफनामे में शिवाचार्या द्वारा दिया जाति प्रमाण पत्र अवैध है और उनके खिलाफ केस दर्ज करवाने का निर्देश दिया गया है। जयसिद्धेश्वर स्वामी ने जाति प्रमाण पत्र में खुद को बेड जंगम जाति का बताया है। इसके खिलाफ प्रमोद गायकवाड, मिलिंद मुले और विनायक कंदकरे ने शिकायत दर्ज करवाई थी। महाराष्ट्र की सोलापुर संसदीय सीट से अनसूचित जाति के लिए आरक्षित है। स्वामी ने इस सीट से पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री



सुशील कुमार और वंचित विकास आघाड़ी के प्रमुख और डॉ भीमराव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर को हराकर यह सीट जीती थी। इस फैसले के बाद से स्वामी की संसद सदस्यता पर खतरा मंडराने लगा है और उपचुनाव की संभावन जताई जा रही है। बीते 31 जनवरी और फिर 1 फरवरी को जाति पड़ताल समिति ने इस पर सुनवाई की थी। समिति स्वामी की जाति से संबंधित कागजात से संतुष्ट नहीं थी। इसलिए सांसद स्वामी से सबूत के रूप में जाति के अन्य कागजात देने के लिए कहा गया था। लेकिन 15 फरवरी को हुई सुनवाई में जाति से संबंधित कोई कागज जमा नहीं किया गया।

**सांसद जयसिद्धेश्वर स्वामी की सफाई:** विवाद बढ़ने पर सांसद जयसिद्धेश्वर स्वामी की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट में याचिका दायर करते समय जाति के मूल कागजात जमा किए गए हैं। इसलिए जो कागज हाईकोर्ट में दिए गए हैं वह कागजात जाति पड़ताल समिति में पेश नहीं किया जा सकता। हालांकि स्वामी की ओर से वकील संतोष नावटकर ने पुन: जांच की मांग की, लेकिन समिति ने 15 फरवरी को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सोमवार को समिति ने स्वामी के जाति प्रमाण पत्र को अवैध ठहरा दिया।

**कौन हैं जयसिद्धेश्वर स्वामी:** जयसिद्धेश्वर स्वामी लिंगायत समाज के धर्मगुरू हैं। उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था और दिग्गज नेता सुशील कुमार शिंदे को करीब डेढ़ लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। जाति प्रमाण पत्र रद्द होने से उनकी सांसदी खतरे में हैं। लेकिन वह जिला जाति पड़ताल समिति के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं।

# मनसे के सात कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर

## घर में घुसकर अल्पसंख्यक युवक से मांगे थे पहचान के दस्तावेज



**पुणे।** महाराष्ट्र की पुणे पुलिस ने महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) कार्यकर्ताओं के खिलाफ सोमवार देर रात को एफआईआर दर्ज की है। कार्यकर्ताओं पर आरोप है कि अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसे अवैध बांग्लादेशी बताकर परेशान किया गया। कार्यकर्ताओं ने उससे भारतीय होने के दस्तावेज मांगे और इसके बाद पकड़कर थाने भी ले गए। मामला बालाजी नगर इलाके का है। इस संबंध में शनिवार को थाने में शिकायत की गई थी। दरअसल, मनसे की ओर से पिछले हफ्ते अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ एक अभियान शुरू किया गया है, इसको लेकर 9 फरवरी को मुंबई में मनसे प्रमुख राज ठाकरे की रैली भी हुई थी। इसमें भारत से अवैध पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग की गई। इसी के बाद बालाजी नगर निवासी रोशन शेख (35) ने पुलिस से शिकायत की कि कुछ मनसे कार्यकर्ताओं ने उसके घर में घुसकर उसे बांग्लादेशी नागरिक बताया। जबकि वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और पुणे में काम कर रहा था। रोशन ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश भी की। उसने सभी दस्तावेज भी उन लोगों को दिखाए, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। शेख और 2 अन्य व्यक्तियों को सहकार नगर पुलिस स्टेशन ले गए। यहां पर पुलिस ने दस्तावेजों का सत्यापन किया। शेख की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मनसे के 7 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### नरेंद्र मेहता कि करतूतों से मीरा-भायन्दर मे मचा घमासान

नरेंद्र मेहता के सत्ता से निकलते ही उनकी गर्लफ्रेंड नीला सोन्स ने उनकी काली करतूतें शोशल मिडिया मे डालकर जनता के सामने उनकी पोल खोलकर रख दी है, नरेंद्र मेहता कि यह काली करतूत सामने आने से मीरा- भायन्दर कि राजनीति मे हडकंप मच चुका है, अब सवाल यह है, कि क्या प्रशासन नरेंद्र मेहता के खिलाफ कार्रवाई करेगी, क्या भाजपा के वरिष्ठ अधिकारियों इस मामले को गंभीरता से लेगे, क्या नीला सोन्स कि बातों मे सच्चाई है, या फिर नरेंद्र मेहता के खिलाफ यह विपक्षी दलों कि साजिश है, विचारणीय बात यह है, कि जो महिला नरेंद्र मेहता कि गर्लफ्रेंड हुआ करती थी वह अचानक यह विडियो वायरल करके क्या साबित करना चाहती है, क्या यह महिला जनता कि हमदर्दी पाना चाहती है, या फिर नरेंद्र मेहता जेसे वरिष्ठ नेता को ब्लेकमैल कर पैसे ऐठना  चाहती है, यह सभी सवालों के जवाब फिलहाल वक्त पर छोड देते है, पर इन सारी हरकतों से नरेंद्र मेहता कि मुश्किलें लगातार बढती दिखाई दे रही है।

### दिल्ली में 3 दिन से हिंसा

दरअसल, मंगलवार दोपहर सूत्रों के हवाले से बताया था कि दिल्ली पुलिस ने होम मिनिस्ट्री से कहा है कि हिंसा रोकने के लिए उसके पास पर्याप्त पुलिस बल नहीं था। जैसे ही इस पर सवाल उठे तो पुलिस कमिश्नर खुद सफाई देने आए।  इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हिंसा मामले में सुनवाई की मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को दिल्ली हिंसा में एफआईआर दर्ज करने से संबंधित एक अपील पर सुनवाई करेगा। यही अपील पूर्व सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्लाह और कुछ अन्य लोगों ने दायर की है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अपील की गई है कि वो पुलिस को हिंसा के दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे। शाहीन बाग और अन्य प्रदर्शन स्थलों पर महिला प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा का भी अपील में जिक्र है। जस्टिस एसके. कौल और जस्टिस केएम. जोसेफ अपील पर सुनवाई करेंगे। याचिका में भाजपा नेता पर कपिल मिश्रा पर हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया गया है। दूसरी तरफ, भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग ने भी एक अपील दायर की है। इसमें शाहीन बाग से प्रदर्शनकारियों को हटाने और कालिंदी कुंज क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की अपील की गई है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा को सुनियोजित साजिश बताया है। पुलिस के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत दौरे पर हैं। उनके दिल्ली पहुंचने से कुछ घंटे पहले ही राजधानी में हिंसा भड़की। विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की छवि खराब करने के इरादे से हिंसा की स्क्रिप्ट लिखी गई। इसका माहौल गुरुवार रात से ही बनाना शुरू कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस के पीआरओ रंधावा ने मंगलवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में धारा 144 लागू की गई है। हम लोगों से अपील करते हैं कि अफवाहों पर ध्यान न दें। पूर्वी दिल्ली में ड्रोन्स से निगरानी की जा रही है। हमें पता लगा है कि कुछ लोग छतों से पत्थरबाजी कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज और फोटोग्राफ चेक किए जा रहे हैं। हमारे पास पुख्ता सबूत हैं। उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ‘टैरिफ किंग’ कहने वाले ट्रंप फिर हुए नाराज

उन्होंने कहा कि भारत हमपर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है, हार्ले डेविडसन एक उदाहरण है। इम्पोर्ट ड्यूटी को लेकर अमेरिका ने पिछले दिनों भी सवाल उठाया था। उन्होंने कहा, हम जब हार्ले डेविडसन भेजते हैं तो भारत उसपर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। लेकिन भारत जब अपनी बाइक भेजता है तो हम कोई टैरिफ नहीं लगाते हैं। भारत जो हमारे साथ कर रहा है वो ठीक नहीं है। भलाई दोनों तरफ से होनी चाहिए। बता दें, पिछले साल ही हार्ले डेविडसन मसले पर ट्रंप ने भारत को 'टैरिफ किंग' तक कह दिया था। दरअसल, दुनिया में सबसे शानदार बाइक में से एक गिने जाने वाली हार्ले डेविडसन के मसले पर भी वर्षों से अमेरिका की भारत से शिकायत रही है। पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप का कहना था कि भारत का फैसला हमें बर्दाश्त नहीं है और हार्ले डेविडसन पर 50 फीसदी टैरिफ भी मंजूर नहीं है। भारत ने हार्ले डेविडसन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया था, लेकिन बाद में जब मोदी-ट्रंप के बीच बातचीत हुई तो टैरिफ 50 फीसदी पर तय हुआ।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# गुड़िया प्रोडक्शन और म्यूजिवे का 'या हबीबी' गाना हुआ लॉन्च



**पिछले** दिनों मुंबई के बॉम्बे कॉकटेल बार में एक म्यूजिक अलबम 'या हबीबी' लॉन्च किया गया। उसी अवसर पर बॉलीवुड के जाने माने लेखक निर्देशक अनीस बज्मी, सिंगर एश किंग, राकेश कोठारी, कंगना शर्मा, अभिषेक टैलेंटेड और अनमोल की विशेष उपस्थिति रही। 'या हबीबी' का निर्माण गुड़िया प्रोडक्शन और म्युजिवे ने किया है। इस अलबम के गाने में एक लाइन अरबी भाषा का भी प्रयोग हुआ है। बॉलीवुड के अलावा पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को ध्यान में रखकर इसकी धुन तैयार की गई है। इसके वीडियो में एश किंग के साथ अभिषेक टैलेंटेड और अनमोल लीड रोल में नजर आएंगे। लॉन्च के दौरान राकेश कोठारी ने कहा कि वह बॉलीवुड का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करना चाहते हैं।

# ओवैसी की पीएमओ से अपील

## दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में सेना की तैनाती हो, कहा- पुलिस हिंसा फैलाने वालों से मिली हुई

**एआईएमआईएम** के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय से दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में सेना को तैनात करने की मांग की। उन्होंने ट्वीट किया- उत्तर पूर्वी दिल्ली में स्थिति बदतर हो रही है। अगर प्रधानमंत्री कार्यालय शांति बहाल करना चाहता है तो इसे प्रभावित क्षेत्रों में सेना को तैनात करना होगा। जान-माल की रक्षा करनी है तो इसका एकमात्र रास्ता यही है। ओवैसी ने पुलिस पर ड्यूटी करने में विफल होने और हिंसा फैलाने वालों से मिले होने का आरोप लगाया। पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने उकसाने वाले बयान पर अपनी ही पार्टी के नेता कपिल मिश्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गंभीर ने कहा- इससे कोई



फर्क नहीं पड़ता कि व्यक्ति कौन है, किस पार्टी से जुड़ा हुआ है। वो कपिल मिश्रा हो या कोई और, ऐसा भड़काऊ भाषण देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बाद सोशल मीडिया पर गंभीर की ट्रोलिंग शुरू हो गई। इससे पहले, ओवैसी ने कहा- दिल्ली में हुई हिंसा के लिए भाजपा के नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- कब तक ये लोग मेरे नाम की मिठाई खाते रहेंगे। उन्हें (जी किशन रेड्डी) वापस दिल्ली जाना चाहिए। वे हैदराबाद में क्या कर रहे हैं? वे गृह राज्यमंत्री हैं। उन्हें वहां जाकर स्थिति को नियंत्रित करना चाहिए। दरअसल, रेड्डी ने हैदराबाद में कहा था कि ट्रम्प के दौरे के समय हिंसा होना बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। गृह मंत्रालय लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कांग्रेस-सीएए विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा था कि राहुल गांधी, ओवैसी और सीएए विरोधियों को इस पर जवाब देना चाहिए।

### हिंसा को सही नहीं ठहराया जा सकता: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा- शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्वस्थ लोकतंत्र का प्रतीक है। हिंसा को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। मैं दिल्ली के नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे इस वक्त संयम से काम लें। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया- दिल्ली में पूरा दिन हिंसा से भरा रहा। हिंसा से सिर्फ आम जनता और देश का नुकसान होता है। मैं सभी दिल्लीवासियों से शांति की अपील करती हूं। सोनिया गांधी ने कहा- जो शक्तियां देश पर अपनी सांप्रदायिक और विभाजनकारी विचारधारा को थोपना चाहती हैं, उनका यहां कोई स्थान नहीं है।

**दिल्ली के मौजूदा हालात से चिंतित: केजरीवाल** - दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी मंगलवार को ट्वीट कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने लिखा- मैं दिल्ली के मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हूं। सभी मिलकर शांति स्थापित करने की कोशिश करें। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया- तीन दशक से दिल्ली में हूं। अपने ही शहर में इतना डर कभी नही लगा। क्या हो गया है ये ? कौन लोग हैं, जो दिल्ली में आग लगा रहे हैं? बेहद दुखी और शर्मिंदा हूं। ये हमारी प्यारी दिल्ली है। देश की राजधानी है। इसे बचाना ही होगा।

# आर विजन की 'मुंडे बैड ने सारे' का म्यूजिक लॉन्च





**आर** विजन प्राइवेट लिमिटेड की प्रस्तुति म्यूजिक अलबम 'मुंडे बैड ने सारे' को मुंबई स्थित सहारा स्टार होटल के सिनेथक प्रीव्यू थिएटर लॉन्च किया गया। म्यूजिक लॉन्च के अवसर पर अल्बम की सिंगर अनाया ब्रह्मा ने कहा कि मैं पहली बार पंजाबी गाना गायी हूँ, संगीतकार प्रवीण हीरा के सहयोग से यह संभव हो सका है। मैंने गाने से पहले लिरिक्स की मीनिंग और फिलिंग को महसूस की। फिर निमार्ता रविन्द्र सिंह जी ने रिकॉर्डिंग के बाद तारीफ की। उन्होंने मुझे यह खास मौका दिया। वे एक नेकदिल इंसान हैं। अनाया ने बताया कि शूटिंग से पहले रिहर्सल के दौरान थककर बीमार भी पड़ गई लेकिन बाद में सब आरामदायक हो गया। पहले तो ईशान का डांस देखकर नर्वस भी हुई फिर जल्द ही हमारे बीच बढ़िया तालमेल बन गया। इस अल्बम में अनाया के साथ टिकटोक स्टार ईशान की मुख्य भूमिका है। वह चंडीगढ़ से हैं और इंडियाज गोट टैलेंट में विनर हैं। कलर्स चैनल पर करण जौहर और मलाइका अरोड़ा के सामने उसने बेझिझक कामसूत्र वाला परफॉर्मेंस



भी पेश किया है। ईशान अपनी गर्लफ्रैंड के साथ म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि आर विजन से अचानक एक दिन कॉल आया और मैं सीधे सेट पर जा पहुंचा, रविन्द्र सर ने मुझपर भरोसा किया। मुझे इसके गीत और संगीत ने बहुत प्रभावित किया। रविन्द्र जी ने ऑन द स्पॉट फैसला लिया और हमनें शूटिंग शुरू की। वीडियो डायरेक्टर चीनी चेतन ने कहा कि रविन्द्र सर मौका देते रहते हैं। गाने की शूटिंग में अनाया और ईशान दोनों ने आसानी से स्टेप को पकड़ लिए। निर्माता रविन्द्र सिंह का कहना है कि चीनी चेतन हीरा है। उनके भीतर बहुत प्रतिभा है और हमेशा नया करते हैं। अनाया बहुत टैलेंटेड सिंगर है साथ ही वह बड़ी तेजी से कोई भी विधा को सीख लेती है। गायिकी के साथ अभिनय में भी उन्होंने कमाल कर दिया है। ईशान के आ जाने से वीडियो और भी शानदार बन गया है। अब तक यूट्यूब पर इस गाने को सात लाख व्यू मिल चुका है। इसी के साथ रविन्द्र ने ईशान और प्रीति को साथ लेकर अगले अलबम की घोषणा भी कर दिया है।

# जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के 6 जज एच1एन1 वायरस से संक्रमित, यहां काम करने वालों का टीकाकरण होगा

**सुप्रीम कोर्ट** के छह जज एच1एन1 वायरस (स्वाइन फ्लू) से संक्रमित हो गए हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को कोर्ट में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी जजों ने चीफ जस्टिस एसए बोबडे से इसके उपचार को लेकर बैठक की है। साथ ही उनसे जजों और स्टाफ के टीकाकरण के निर्देश देने की मांग की गई है।




हालांकि, सभी जजों को यह संक्रमण एक साथ नहीं हुआ। जस्टिस चंद्रचूड़ ने वकीलों और कोर्ट के स्टाफ को सावधानी बरतने की सलाह दी। चार जज अब स्वस्थ हो चुके हैं और कार्य कर रहे हैं। दो अन्य जज स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। ये अगले दो दिन में काम पर लौट सकते हैं। मंगलवार को कोर्ट नंबर 2 में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस एनवीय रामन्ना और जस्टिस कृष्ण मुरारी ने मास्क लगाकर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजय अरविंद बोबड़े ने संक्रमण की रोकथाम के लिए बार एसोसिएशन के साथ बैठक की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा- बैठक में यह फैसला लिया गया है कि शीर्ष अदालत वकीलों के टीकाकारण के लिए टीके उपलब्ध कराएगी। इस बीच, स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुष्यंत दवे के साथ एक बैठक हुई। दवे ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हाल ही में कोर्ट परिसर में न्यायिक सम्मेलन में भाग लेने वाले कुछ विदेशी प्रतिनिधि सदस्य वायरस से संक्रमित थे। स्वाइन फ्लू से पीड़ित जजों में से दो सबरीमाला फैसले के मामले की सुनवाई कर रहे हैं, जिसकी वजह से सुनवाई में देरी हुई है।

# हौसले को सलाम: दिल्ली हिंसा में मारे गए कॉन्स्टेबल रतनलाल बुखार होने के बाद भी ड्यूटी कर रहे थे, पत्नी को टीवी से मिली मौत की खबर

**रतनलाल** हेड कॉन्स्टेबल मूलरूप से राजस्थान के सीकर के रहने वाले थे। वह दिल्ली पुलिस में साल 1998 में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती गोकुलपुरी सब डिवीजन के एसीपी अनुज के ऑफिस में थी। रतनलाल के बारे में जानकारी मिली है कि वह सोमवार को बुखार होने के बावजूद ड्यूटी पर थे। उनके परिवार में बारह साल की बेटी सिद्धि, दस साल की बेटी कनक और सात साल का बेटा राम है। रतनलाल की पत्नी पूनम ने कहा पहले उन्हें टीवी देखकर पता चला था। इस बीच पुलिस की ओर से



बताया गया कि वह जख्मी हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद रतनलाल के भाई और परिवार के अन्य लोग दिल्ली आ गए। दिल्ली पुलिस से रिटायर्ड अधिकारी इस बात को स्वीकार करते हैं कि हिंसा की यह घटना पुलिस की बड़ी नाकामी है। इस पूरे मामले को लेकर शुरू ही पुलिस का रवैया ढुलमुल रहा। एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ने कहा कि शाहीनबाग में जिस दिन लोगों ने सड़क ब्लॉक की थी, तभी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी। रिटायर्ड अधिकारी ने कहा पुलिस सिर्फ इस बात को लेकर डरती रही कि कहीं माहौल खराब न हो जाए। ऊपर से चुनाव के नजदीक होने और सड़क के इस मुद्दे का सियासी रंग लेने की वजह से पुलिस अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं किया।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय से लेकर पुलिस कमिश्नर तक अलर्ट:** हिंसक घटना को गृह मंत्रालय ने बेहद गंभीरता से लिया है। दिनभर हुए बवाल को लेकर पुलिस से लगातार जानकारी ली जाती रही। गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। सीनियर पुलिस अफसर मौके पर तैनात हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक कंट्रोल रूम से हालात का जायजा लेते रहे। मंत्री गोपाल राय देर रात एलजी से मिलने उनके घर गए।

# कारवां गुजर गया गुबार देखते रहे!

**अहमदाबाद** के मोटेरा स्टेडियम में विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकवाद से मिलकर लड़ने की जो बात कही वह भारतीय हितों के अनुकूल है और भारत अमेरिका से ऐसी ही अपेक्षा रखता था। अमेरिका ने आतंकवाद से लड़ाई के मामले में इसके पहले भी भारत का साथ देने की बात कही है। इसी कारण पाकिस्तान में बेचैनी बढ़ गई है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में ये बेचैनी कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा हम पाकिस्तानी मीडिया के बर्ताव से लगा सकते हैं। बीते कई दिनों से पाकिस्तानी का पूरा का पूरा मीडिया इसी बात को लेकर फिक्रमंद था कि क्या कश्मीर को लेकर ट्रंप भारत के बजाए पाकिस्तान का साथ देंगे? और कोई ऐसा बीच का रास्ता निकालेंगे जो पूरी दुनिया की आंख की किरकिरी बन चुके पाकिस्तान को कुछ राहत देता है और उसके लिए फायदेमंद होता है? पाकिस्तान के मीडिया में ट्रंप के हिंदुस्तान आने को लेकर सवाल इसलिए भी बने हुए हैं क्योंकि भले ही पाकिस्तान ने कई मोर्चों पर ये क्लेम किया हो कि अमेरिका के पाकिस्तान से भी अच्छे संबंध हैं। मगरट्रंप भारत के बाद पाकिस्तान नहीं जा रहे हैं। खुद पाकिस्तान भी इसकी एक बड़ी वजह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रसूख को मानता है। ट्रंप जानते हैं कि यदि वो भारत के बाद पाकिस्तान जाते हैं इससे कई चीजें प्रभावित हो सकती हैं जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास पड़ सकती है। यदि ऐसा होता तो ट्रंप का भारत के बाद पाकिस्तान जाना विश्व पटल पर अमेरिका की नीयत को सवालों के घेरे में रखता।



अशोक भाटिया

इंटरनेट पर पाकिस्तान के एक टॉक शो की क्लिप बड़ी ही तेजी के साथ वायरल की जा रही है। इस क्लिप में भी एंकर अपने मेहमानों से सवाल करती नजर आ रही है कि क्या कश्मीर मसले को लेकर अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्था की पेशकश करेगा? क्या ट्रंप इस मुलकात में कश्मीर मुद्दे को उठाएंगे? क्या ट्रंप इस विषय पर भारत के प्रधान मंत्री मोदी से बात करेंगे? पाकिस्तानी मीडिया इन सवालों को लेकर इसलिए भी फिक्रमंद हैं और इनको लेकर बात इसलिए भी कर रहा है क्योंकि कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाए हुए करीब 6 महीने हो चुके हैं और तब इस पूरे मामले पर अमेरिका चुप थोखुद पाकिस्तान के राजनीतिक विशेषग्य इस बात को मानते हैं कि यदि भारत द्वारा कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान अपने दोस्तों को एकजुट करने में नाकाम हुआ है तो ये साफ तौर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की विफलता दशार्ता है और दिखाता है कि वो एक कमजोर प्रधामंत्री हैं जो अपने देश को आगे ले जाने में नाकाम हैं। वहीं साथ ही पाकिस्तानी मीडिया अपनी बातों में इस चीज को भी बल दे रहा है कि कश्मीर मसले पर पाकिस्तान एक बड़ा स्टैंड तभी ले सकता है जब खुद पाकिस्तान का विपक्ष अपने प्रधानमंत्री पर भरोसा जताए और इस मामले पर उसके साथ खड़ा होपाकिस्तान में सत्ता पक्ष को लेकर यही कहता नजर आ रहा है कि कश्मीर, इमरान खान और उनकी पार्टी का व्यक्तिगत मसला नहीं है ये पीड़ित मुसलमानों का मसला है और उन मुसलमानों के लिए किसी और को एकजुट करने से पहले खुद पाकिस्तान, वहां के लोगों, वहां के हुक्मरानों को एकजुट होना पड़ेगा।

पाकिस्तानी मीडिया में ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इमरान खान और उनकी पार्टी से लेकर आम जनता तक, सभी इस बात को लेकर फिक्रमंद हैं कि ट्रंप के भारत आने के बाद क्या कश्मीरियों को उनके अधिकार दिलाने में पाकिस्तान कामयाब हो पाएगा? तमाम तरह के सवालों के जवाब वक़्त की गर्त में छुपे हैं लेकिन जो वर्तमान है उसे देखकर इस बात का अंदाजा खुद लग जाता है कि फिलहाल जैसी स्थिति है पाकिस्ताने वहां की मीडिया और प्रधानमंत्री इमरान खान तीनों के ही अच्छे दिन आने मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हैं। अब तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा पूरी हो चुकी है व पाकिस्तान के लिए केवल यही कहा जा सकता है 'कारवां गुजर गया गुबार देखते रहे'।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दिल्ली हिंसा: जाफराबाद, मौजपुर, भजनपुरा में बद से बदतर हो रहे हालात

**नई दिल्ली।** भले ही नागिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध और समर्थन को लेकर चल रहे प्रदर्शन वाली जगह पहले दिन से पुलिस और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। मगर हालात हर दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। यहां पहले दिन ही पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। अब दूसरे दिन सुलगती हुई आग ने वाहनों, पेट्रोल पंप, दुकानों से लेकर घरों तक को अपनी चपेट में ले लिया।

दूसरा दिन बीता तो शाम के समय मौजपुर चौक पर मीडिया कर्मियों को भी रोक दिया गया। जो लोग वहां मौजूद थे या होकर पैदल गुजर रहे थे, उनके मोबाइल जेब में रखवा दिए गए। पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम आई भीड़ को तितर-बितर किया, लेकिन एक ओर पुलिस हटाती रही, तो दूसरी ओर लोग घूम-फिरकर वहीं पहुंच गए। दूसरी ओर जाफराबाद मेट्रो के नीचे एक ओर सड़क घेरे बैठे उअअ विरोधी भी हटने का नाम नहीं ले रहे हैं और वहां भी लगातार नारे-भाषण चलते रहे। पूरा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का इलाका सोमवार रात को भी चैन की नींद नहीं ले पाया, वहीं तीसरे दिन की सुबह और भी खतरनाक मंजर सामने लेकर आई।

जहां पहले और दूसरे दिन भीड़ जुटने के बाद घटनाएं घटी थीं। वहीं तीसरे की सुबह कबीर नगर



इलाके में दोनों ओर से पत्थरबाजी सुबह से ही शुरू हो गई। यह हाल तब था, जब वहां पर लोगों की भी ज्यादा नहीं जुट पाई थी। धीरे-धीरे लोग प्रदर्शन स्थल पर फिर से आ रहे थे। इससे पहले तड़के यहां एक दूध के वाहन को पटल दिया गया और कई मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई थी, जो कि सुबह तक जल रही थीं। कहीं पर कार को पटलकर आग लगा दी गई, जो कहीं पर ऑटो को तोड़फोड़ दिया गया। खौफ में दुकानें भी नहीं खुलीं क्योंकि एक दिन पहले कुछ दुकानों पर भी तोड़फोड़ हुई थी।

मौजपुर में जहां पर सीएए के समर्थक जुटे हैं, वहां पर सोमवार शाम फिर सभी को तिलक लगाकर भजन गाते हुए देखा गया। उनका यह कहना था कि जब तक दिल्ली की सड़कों से विरोधियों को नहीं उठाया जाता, तब तक वह भी नहीं उठेंगे। वहीं जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क का एक हिस्सा बंद किए उअअ विरोधियों को स्थानीय निवासी चाय और पापे बांटते देखे गए।

जहां कबीर नगर में सबसे ज्यादा पत्थरबाजी का मंजर देखने को मिल रहा है, वहीं कबीर नगर स्थित श्मशान घाट पर मौलाना और पुजारी मिलकर सभी से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। समाजसेवी विजय सक्सेना ने बताया कि दोनों ही ओर शांति चाहने वाले लोग हैं, जो वर्तमान हालात से घबराए हुए हैं। वह घरों में डरे सहमे बैठे हैं लेकिन बुजुर्ग कोशिश कर रहे हैं कि इससे ज्यादा हालात खराब होने से पहले कोई रास्ता निकालकर शांति बहाल की जाए। हालांकि दोनों ही गुटों में युवाओं को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। सबसे बड़ी बात उनको लग रही है कि प्रशासन सख्ती क्यों नहीं बरत रहा, इसी बात का नतीजा है कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं और पूरे नॉर्थ ईस्ट दिल्ली क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## मुंगेरी लाल के सपने देख रहे अखिलेश, 51 सीटें भी नहीं मिलेंगी: केशव मौर्य

**प्रयागराज।** बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसकी शुरूआत प्रयागराज में पिछड़ा वैश्य महाकुंभ के साथ रविवार को हुई। महाकुंभ में प्रदेश भर से जुटी भीड़ देख कार्यक्रम में मौजूद नेताओं का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। ऐसे में वक्ताओं ने जहां सरकार की योजनाओं से इस वर्ग को होने वाले लाभ गिनाए वहीं राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ करने का श्रेय भी लिया गया।

प्रयागराज के केपी कॉलेज मैदान पर आयोजित पिछड़ा वैश्य महाकुंभ को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पिछड़ा वैश्य समाज पीएम नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। प्रयागराज की धरती से



पूरे देश में एक बड़ा संदेश भी जाएगा कि किस तरह से पिछड़ा वैश्य समाज पहले भारतीय जनसंघ और अब बीजेपी के साथ खड़ा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले कांवरियों को भजन गाने तक से रोका जाता था। हमारी सरकार ने कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए। अखिलेश यादव कहते हैं कि, 2022 में वह 351 सीटें जीतकर सरकार बनाएंगे। अखिलेश यादव को बताना चाहता हूं कि वह मुंगेरी लाल के सपने देखना बंद कर दें। समाजवादी पार्टी 51 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। 2019 के कुंभ के बाद केन्द्र में बीजेपी की सरकार बनी, इस कुंभ के बाद 2022 में प्रदेश की सरकार बनेगी। पिछड़ा वैश्य महाकुंभ के जरिए वैश्य मतदाताओं को साधने पहुंचे रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ चल रही है। लेकिन पीएम मोदी की दूसरी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही डेढ़ करोड़ टर्न ओवर वाले व्यापारियों के लिए केन्द्र सरकार ने पेंशन की महत्वपूर्ण योजना शुरू की है, जिससे पूरे देश और प्रदेश का व्यापारी भी लाभान्वित हो रहा है।

## फ्लैट से निकल रही थी गर्लफ्रेंड, देखकर भड़क गई बीजेपी नेता की पत्नी

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ स्थित गोमतीनगर विस्तार के ग्रीनवुड अपार्टमेंट में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता श्रीकांत त्यागी के फ्लैट से महिला मित्र को उतरता देख उनकी पत्न ी और बच्चे आग-बबूला हो गए। इस दौरान कथित रूप से दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक और मारपीट भी हुई। गोमतीनगर पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाने पर देर रात तक हंगामा होता रहा। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गोमतीनगर थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक नोएडा निवासी श्रीकांत त्यागी बीजेपी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य हैं। उन्होंने गोमतीनगर विस्तार स्थित ग्रीनवुड अपार्टमेंट में किराए पर फ्लैट ले रखा है। उनकी पत्नी रविवार रात बच्चों के साथ फ्लैट पर पहुंच गईं। पति के फ्लैट से उनकी महिला मित्र को उतरता देख उन्होंने आपत्ति जताई।

पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में इस बात को लेकर विवाद हो गया। बीजेपी नेता की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पति की महिला मित्र ने उन्हें और बच्चों को पीट दिया। सबके सामने उनके कपड़े खींचे और मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। बच्चों के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी।

## भोपाल गैस कांड की पीड़ित महिलाओं ने ट्रंप की यात्रा का विरोध किया

**भोपाल।** विश्व की भीषण औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड की सैकड़ों पीड़ित महिलाओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के विरोध में प्रदर्शन किया। इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड की खरीददार अमेरिका की डाव केमिकल कंपनी के मालिक के खिलाफ भोपाल अदालत का समन तामील करने से अमेरिका सरकार के इनकार को लेकर गैस त्रासदी के पीड़ितों ने ट्रंप की यात्रा का विरोध किया। जिन चार संगठनों की अगुवाई में यह प्रदर्शन किया गया, उनमें भोपाल गैस पीड़ित स्टेशनरी कर्मचारी संघ, भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा, भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन और डाव-कार्बाइड के खिलाफ बच्चे शामिल हैं।भोपाल गैस पीड़ित स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, वर्ष 2016 में जबसे ट्रंप राष्ट्रपति बने, भोपाल जिला अदालत से फरार कातिल यूनियन कार्बाइड के खरीददार डाव केमिकल के मालिक के नाम दो बार समन जारी हुए हैं।

## कुलदीप सिंह सेंगर की विधानसभा सदस्यता समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की सदस्यता समाप्त कर दी है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की ओर से जारी की गई अधिसूचना में सेंगर की सदस्यता उस दिन से ही समाप्त की गई है, जिस दिन उसे सजा सुनाई गई थी। अधिसूचना के मुताबिक 20 दिसंबर 2019 से उन्नाव जिले की बांगरमऊ विधानसभा सीट को रिक्त घोषित किया गया है।

सेंगर को 1 अगस्त 2019 को भारतीय जनता पार्टी ने निष्कासित कर दिया था। आपको बता दें कि कुलदीप सिंह सेंगर 2017 उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी हैं और मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। 4 जून 2017 को रेप पीड़िता ने तत्कालीन बीजेपी विधायक सेंगर पर रेप का आरोप लगाया था। गौरतलब है कि कुलदीप सेंगर को धारा 120 बी (आपराधिक साजिश), 363 (अपहरण), 366 (शादी के लिए मजबूर करने के लिए एक महिला का अपहरण या उत्पीड़न), 376 (बलात्कार और अन्य संबंधित धाराओं) और ढडउरड के तहत दोषी ठहराया गया था।

# 2 लाख में लीजिए 'ग्रैंड टूर ऑफ यूरोप एंड यूके' का मजा, जानें पैकेज की डिटेल्स

वर्ल्ड के बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में यूरोप के कई देश शामिल हैं। अगर आप भी यूरोपीय देशों में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) एक बेहतरीन व किफायती टूर पैकेज लेकर आया है। इस पैकेज का नाम 'ग्रैंड टूर ऑफ यूरोप एंड यूके' एक्स दिल्ली-भोपाल है। इस टूर पैकेज में जर्मनी, इटली, फ्रांस और स्विट्जरलैंड सहित यूरोप के 10 देशों की सैर करने का मौका मिलेगा।

16 दिन का टूर

आईआरसीटीसी की वेबसाइट के मुताबिक, इस टूर की शुरूआत 10 जून 2020 और 30 जून 2020 को दिल्ली से होगी। 15 रात और 16 दिन के इस टूर में पैसेंजर्स को डीलक्स होटलों में ठहरने के साथ ब्रेकफास्ट-लंच-डिनर और एसी व्हीकल्स में घूमने की फैसिलिटी भी मिलेगी। टूर पैकेज में ठहरने और भोजन के अलावा वीजा चार्ज, इंश्योरेंस, एंट्री फीस भी शामिल है।

इतना आएगा खर्च

इस फॉरेन टूर पर जाने वाले हर पैसेंजर को औसतन 2.75 लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे। सिंगल ऑक्युपेंसी यानि सिंगल रूम में ठहरने पर प्रति व्यक्ति 3,16, 600 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। वहीं, डबल ऑक्युपेंसी यानि दो व्यक्तियों के साथ ठहरने पर आपको प्रति व्यक्ति 2.75 लाख रुपए और ट्रिपल ऑक्युपेंसी यानि तीन लोगों के लिए एक साथ ठहरने पर 2,72,100 रुपए प्रति यात्रि देने होंगे। अगर आपके साथ 5 से 11 साल तक के बच्चे हैं, तो आपको बच्चे के लिए 2,05,600 रुपए देने होंगे।



घुमक्कड़ी के शौकीन लोग कम बजट में घूमने-फिरने के मौके तलाशते रहते हैं तो अगर आप भी उनमें से ही एक है तो यह एक बहुत ही अच्छा मौका है। टूर में शामिल यूरोप के ये 10 देश खूबसूरती और एडवेंचर दोनों में ही बेमिसाल हैं।

## मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ नेशनल पार्क आकर देखें बाघों के साथ और भी कई ऐतिहासिक धरोहर

बात 2005 की है। मैं टाइगर पर एक प्रोजेक्ट कर रहा था। उस प्रोजेक्ट के लिए मुझे बांधवगढ़ जाना पड़ा। इससे पहले भी मैंने जंगल में टाइगर देखे और फोटोग्राफ लिए थे, लेकिन बांधवगढ़ पहली बार जा रहा था। मैंने अपने कैमरे और जरूरी उपकरण पैक किए और निकल पड़ा। बांधवगढ़ जाने के लिए सिर्फ ट्रेन ही सबसे अच्छा माध्यम था। मैंने दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से उत्कल एक्सप्रेस ली और 19 घंटे का सफर शुरू हुआ। मैं सुबह 7 बजे उमरिया रेलवे स्टेशन उतरा। वहां से बांधवगढ़ करीब 40 किमी. है। वहां से एक लोकल बस में चढ़ा और बांधवगढ़ का टिकट लिया। वहां पहुंचने के बाद होटल मोगली में विश्राम किया। वहां मुझे मेरा सफारी ड्राइवर ददन शुक्ला मिले। उन्होंने मुझे बांधवगढ़ के बारे में कुछ रोचक तथ्य बताए।

इन रोचक तथ्यों में से एक था बांधवगढ़ पठार। ददन की बातों से मुझे यह समझ आया कि भले ही बांधवगढ़ सिर्फ टाइगर के लिए ही मशहूर हो,लेकिन इस स्थान पर इतिहास और आस्था दोनों हैं। शाम की जंगल सफारी 3 बजे होती थी। ठीक 3 बजे गेट खुला।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।


**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी ।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# दुनिया का सबसे अजूबा झील, जहां पेड़ पानी में उल्टे उगते हैं!

दोस्तो, हम आपको एक ऐसी झील के बारे में बताने जा रहे हैं जहां पेड़ जमीन पर नहीं, बल्कि पानी में उगते हैं, वह भी उल्टे! कजाकिस्तान स्थित लेक कैंडी नाम से मशहूर यह झील किसी अजूबे से कम नहीं है।



ऊपर से यह एक खूबसूरत झील की तरह ही दिखती है, लेकिन करीब जाने पर देखेंगे कि सतह से बाहर अजीब लकड़ी के खंभे निकले हैं। असल में ये पेड़ों के हिस्से हैं। इसके बाकी हिस्से पानी के नीचे डूबे हुए होते हैं यानी पानी के भीतर ये पेड़ एक पूरे जंगल के रूप में मौजूद हैं।

**भूकंप की वजह बनी ऐसी झील**

बताया जाता है कि 1911 में आए एक भूकंप की वजह से ऐसा हुआ। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन से पूरे इलाके में उथल-पुथल हो गया और इन पेड़ों के गिरने से एक प्रकृतिक बांध बन गया। लगभग एक शताब्दी तक बारिश ने इस पूरे क्षेत्र को पानी से भर दिया और यहां मौजूद जंगल इस बारिश के पानी में डूब गए। धीरे-धीरे इसने एक झील की शक्ल ले ली और फिर कैंडी झील अस्तित्व में आई।

**पानी के नीचे जंगल**

पेड़ों का ऊपरी यानी पत्तियों और शाखाओं वाला हिस्सा पानी के नीचे होने की वजह से उसी तरह से संरक्षित हो गया और पानी के नीचे एक जंगल बन गया। लेक कैंडी समुद्र तल से लगभग 2,000 मीटर ऊपर स्थित है।

**पेड़ों के लिए एक रेफ्रिजरेटर**

इसका पानी काफी ठंडा है, इतना ठंडा कि यह पेड़ों के लिए एक बड़े रेफ्रिजरेटर की तरह काम करता है। यह झील कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर अल्माटी से महज 80 मील की दूरी पर है।

**प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में मिली है पहचान**

हाल के वर्षों में कजाकिस्तान की लेक कैंडी विश्व के पर्यटकों के लिए एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। सर्दी के मौसम में यह झील आइस डाइविंग और मछली पकड़ने के लिए भी जानी जाती है।



# सोने की पोजीशन खोलती है आपकी लव लाइफ के कई राज!

*सोने का तरीका हर किसी का अलग होता है। कोई पेट के बल सोता है तो कोई सीधा लेकिन शादी के बाद सोने के तरीका भी बदल जाता है। पार्टनर के साथ सोने का तरीका आपकी लव लाइफ के कई राज खोलता है। जी हां, आपके सोने की पोजीशन आप और आपके पार्टनर के बीच का प्यार बयान करती है। आज हम आपको बताते है कि आपके सोने के तरीके के हिसाब से आपकी लव लाइफ कैसी है।*

**1. प्रेटसल पोजीशन**
वैसे इस तरह का तरीका नए कपल्स अपनाते है। इस पोजीशन में मेल पार्टनर फीमेल पार्टनर को बांहों में भरकर सोता है। इस पोजीशन में पार्टनर्स में काफी प्यार होता है।

**2. शिंगल्स पोजीशन**
यह पोजीशन पार्टनर के बीच में भरोसे को बयान करता है। इसमें फीमेल पार्टनर मेल पार्टनर के कंधों पर सिर रखकर सोती है।

**3. स्लीपिंग पोजीशन**
इस पोजीशन में कपल्स एक दूसरे के काफी करीब होते है। यह पोजीशन दोनों पार्टनर के बीच गहरे प्यार को जताती है।

**4. विपरीत होकर सोना**
यह पोजीशन बताती है कि दोनों पार्टनर एक दूसरे के प्रति आकर्षित हैं। वह अपने रिश्ते को काफी सुरक्षित मानते है।

**5. बेड के किनारों पर सोना**
इस पोजीशन से पता लगता है कि दोनों पार्टनर रिलेशनशिप में स्पेस चाहते है और रिश्ते में दूरी आ चुकी है।

# ये 5 बातें बनाती हैं आपको सुपर मॉम



**मां** का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल होता है। एक मां ही होती है जो घर को भी संभालती है और बच्चों की परवरिश पर भी पूरा ध्यान रखती है। पूरा दिन काम करने के बावजूद भी वे थकती नहीं और ना ही कभी किसी काम के लिए इंकार करती हैं। हमेशा मुस्कारते हुए वे सारे काम निपटा लेती हैं। तभी तो मां बच्चों के लिए कहलाती हैं सुपर मॉम।

**1. फटा-फट सारे काम निपटा लेना**
मां सुबह सबके उठने से पहले अपने सारे काम निपटा लेती हैं। जैसे- सुबह घर की साफ-सफाई, बच्चों के लिए टिफिन पैक करना, घरवालों के लिए नाशता तैयार करना आदि।

**2. कभी किसी काम से मना न करना**
एक मां ही हैं जो कभी किसी काम को करने के लिए मना नहीं करती। आप चाहे उन्हें कोई भी काम देदो, वह मुस्कुराते हुए सारे काम कर देती हैं। चाहे वे काम आपके स्कूल का हो या फिर बाहर का।

**3. काम के साथ-साथ बच्चों को भी समय देना**
मां अपने सारे कामों को समय पर पूरा कर लेती हैं ताकि वे घर के साथ-साथ अपने बच्चों और परिवार वालों को भी पूरा समय दे सके।

**4. खुद के लिए समय निकालना**
इन सारे कामों को निपटाने के बाद वे खुद के लिए भी पूरा समय निकालती हैं। जैसे- तैयार होना और भी बहुत कुछ।

**5. कभी गुस्सा नहीं करती**
देखा जाए तो जब घर में बच्चे होते हैं तो वे घर में गंदगी, शोर-शराबा तो बहुत करते हैं। लेकिन वह कभी किसी का बात पर गुस्सा नहीं करती।



# प्रपोज करने से पहले जान लें उनके बारे में ये बातें

**हर** लड़के को पहली नजर में नजर में कोई न कोई लड़की जरूर पंसद आती है और वह उसे प्रपोज करने की सोचते हैं उनसे नंबर मांगने की कोशिश करते हैं। लेकिन कई लड़के ऐसे भी है जो पहले तो लड़कियों को प्रपोज कर देते हैं और बाद में उन्हें उनमें खामियां दिखाई देने लग जाती है। इसलिए बेहतर यही होगा आपके लिए कि प्रपोज करने से पहले लड़कियों के बारे में यह बातें जरूर जान लें।

**1. फैशनेबल**
लड़कों को ज्यादातर फैशनेबल लड़कियां पसंद होती है। क्योंकि लड़के ऐसा सोचते हैं कि जब वह अपनी गर्लफ्रेंड को कहीं बाहर लेकर जाए तो उन्हें किसी तरह की कोई शर्मिंदगी न उठानी पड़े।

**2. खुले मिजाज की**
किसी लड़की को डेट करने से पहले उसके स्वभाव के बारे में जरूर जान लें।

**3. पढ़ी-लिखी**
लड़की को प्रपोज करने से पहले ये भी जान लें कि लड़की कितनी पढ़ी लिखी है ताकि बाद में साथ होने पर आपको कोई परेशानी न हो।

**4. हैल्पफुल**
ज्यादातर लड़कों को ऐसी लड़कियां बहुत पसंद होती है जो सबकी मदद करती हैं और परिवार को जोड़कर रखती है।

**5. घमंड**
इस बात का भी जरूर ध्यान रखें कि लड़की घंमडी तो नहीं है क्योंकि घंमडी लड़कियां किसी को पंसद नहीं आती।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# बार्सिलोना की जीत में मेसी ने दागे चार गोल, एइबर को 5-0 से दी शिकस्त




**बार्सिलोना।** बार्सिलोना के कप्तान लियोन मेसी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के मैच में तालिका में 16वें नंबर की टीम एइबर के खिलाफ टीम की 5-0 की जीत में चार गोल दाग दिए। इस सुपरस्टार स्ट्राइकर ने अपने पैरों का जादू दिखाते हुए पहले हाफ में अपने तीन जबकि दूसरे हाफ में एक गोल किया।

इस जीत के बाद बार्सिलोना की टीम अंक तालिका में 55 अंकों के साथ शीर्ष पर आ गई है जबकि रीयल मैड्रिड 53 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। मेसी की टीम ने 25 मैच खेले हैं जबकि रीयल मैड्रिड ने उससे एक कम मैच खेला है। हालांकि मैच से पहले बार्सिलोना क्लब के अध्यक्ष जोसेफ मारिया बाटोर्मू के खिलाफ स्टेडियम में प्रशंसक चिढ़ा रहे थे और मेसी ने दनादन गोल करके प्रशंसकों को शांत करने की कोशिश की। इस जीत के बाद बार्सिलोना की टीम का हौसला भी बढ़ा होगा क्योंकि टीम को मंगलवार यूएफा चैंपियंस लीग में अतिम-16 के पहले चरण के मैच में नापोली के खिलाफ अपना मुकाबला खेलना है।

मेसी पिछले चार मैचों से क्लब के लिए कोई गोल नहीं कर पाए थे और अब उन्होंने इसकी भरपाई चार गोल करके पूरी कर दी। उन्होंने 14वें मिनट में तीन खिलाड़ियों को छकाकर टीम का मैच में खाता खोला। फिर उन्होंने 37वें मिनट में बॉक्स के अंदर से बायें पैर से गेंद को उसकी सही जगह पहुंचाकर टीम की बढ़त को दोगूना कर दिया। मेसी यहीं नहीं रुके और इसके तीन मिनट बाद ही पेनाल्टी एरिया के पास से गेंद को आसानी से गोल पोस्ट में डालकर टीम की बढ़त 3-0 कर दी। पहले हाफ में बार्सिलोना 3-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ के अंतिम पांच मिनट में बार्सिलोना ने दो गोल और दाग दिए। 87वें मिनट में मेसी ने गोलकीपर बॉक्स में ही एइबर के गोलकीपर को छकाते हुए आसानी से अपना चौथा गोल कर दिया। इस बीच, 89वें मिनट में ऑर्थर मेलो ने टीम की बढ़त को 5-0 करने में कोई गलती नहीं की।

## लिवरपूल ने लगातार 18वीं जीत से रेकॉर्ड की बराबरी की



**लिवरपूल।** लिवरपूल ने सैडियो माने के अंतिम क्षणों में किए गोल के दम पर वेस्ट हैम को 3-2 को हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार 18वीं जीत दर्ज करके मैनचेस्टर सिटी के पिछले रेकॉर्ड की बराबरी की।

पिछले साल 20 अक्टूबर को मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ मैच ड्रॉ खेलने के बाद से लेकर लिवरपूल ने अपने सभी मैच जीते हैं। एक समय लग रहा था कि उसका विजय अभियान रुक जाएगा। जियोर्जिनो विनालडम ने लिवरपूल की तरफ से शुरूआती गोल किया लेकिन इसा डियोप ने जल्द ही बराबरी का गोल कर दिया। पाब्लो फोरनैल्स ने वेस्ट हैम को बढ़त दिलाई लेकिन लुकास फैबियान्स्की की गलती से मोहम्मद सालेह ने इस सत्र में अपना 19वां गोल करके लिवरपूल को बराबरी दिला दी। खेल समाप्त होने से नौ मिनट पहले माने ने लिवरपूल के लिए तीसरा और निर्णायक गोल किया। इस जीत से लिवरपूल दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से 22 अंक आगे हो गया है। लिवरपूल ने इससे मैनेचेस्टर सिटी के अगस्त 2017 से लेकर दिसंबर 2017 तक प्रीमियर लीग में लगातार 18 जीत दर्ज करने के रेकॉर्ड की भी बराबरी की।

## महिला टी20 वर्ल्ड कपः भारत की दूसरी जीत बांग्लादेश को 18 रन से हराया





**पर्थ।** भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 18 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। शेफाली वर्मा (39) और जेमिमा रोड्रिगेज (34) की धांसू पारियों के बाद पूनम यादव की फिरकी के जादू आगे बांग्लादेश टीम बेबस नजर आई। भारत के 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम लेग स्पिनर पूनम यादव (18 रन पर तीन विकेट), तेज गेंदबाज शिखा पांडे (14 रन पर दो विकेट) और अरुणधति रेड्डी (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 8 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 35 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने 30 रन की पारी खेली।

इससे पहले भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (39) और जेमिमा रोड्रिगेज (34) के अलावा वेदा कृष्णमूर्ति (नाबाद 20) की उम्दा पारियों से छह विकेट पर 142 रन बनाए। टीम हालांकि अंतिम पांच ओवर में 35 रन ही जोड़ सकी। बांग्लादेश की ओर से पन्ना घोष और सलमा खातून ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 25-25 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में ही शमीमा सुल्ताना (03) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने शिखा की गेंद पर दीप्ति को कैच थमाया। मुर्शिदा ने तीसरे ओवर में दीप्ति पर तीन चौके मारे। वह हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहीं जब स्क्वेयर लेग पर शेफाली उनका कैच लपकने में नाकाम रहीं। मुर्शिदा ने संजीदा इस्लाम के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 33 रन तक पहुंचाया। कप्तान हरमनप्रीत ने आठवें ओवर में गेंद तेज गेंदबाज अरुणधति को थमाई।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने शीर्ष वरीय आतेर्मीव को हराया

**मास्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने एयरोफ्लोट ओपन शतरंज टूनार्मेंट के छठे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी व्लादिस्लाव आतेर्मीव को हराकर उलटफेर किया जिससे वह संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गये। अजरबेजान के रऊफ मामेदोव ने आर्मेनिया के मैनुएल पेट्रोसियान से ड्रा खेला और वह पांच अंक लेकर अब भी शीर्ष पर हैं। रूस के सनान सजुगिरोव ने हमवतन वादिम ज्वागिनसेव को हराया और वह 4.5 अंक के साथ तुर्की के मुस्तफा यिल्माज और पेट्रोसियान के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सूरी (ईएलओ रेटिंग 2591) ने अपने से अधिक रेटिंग के आतेर्मीव (ईएलओ 2728) को 71 चाल में हराया। इस जीत से 23 वर्षीय भारतीय के चार अंक हो गये हैं जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त आतेर्मीव के तीन अंक ही हैं। भारत के कई खिलाड़ियों के चार-चार अंक हैं। इनमें 13 वर्षीय



भरत सुब्रमण्यम, बी अधिबान, अरविंद चिदंबरम, अर्जुन इरिगायसी और सूरी शामिल हैं। युवा आर प्रागननंदा के छह दौर के बाद तीन अंक हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# सैफ अली खान को बनना था अनन्या पांडे का पिता, फिल्म हो गई बंद!





कुछ दिनों पहले खबरें आई थीं कि सैफ अली खान, अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी एकसाथ फिल्म करने जा रहे हैं। 'लफड़ेबाज' नाम की इस फिल्म में सैफ अली खान को अनन्या पांडे के पिता का रोल करना था लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म क्यों बंद हुई, इस बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। इसका डायरेक्शन राहुल ढोलकिया को करना था और इसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर प्रड्यूस करने वाले थे। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे क्योंकि सभी को लग रहा था कि सैफ और अनन्या को पिता-बेटी के रूप में देखना काफी इंट्रेस्टिंग होगा। अब ऐक्टर्स के फैंस को यह खबर निराश की सकती है। बता दें, हाल ही में सैफ फिल्म 'जवानी जानेमन' में अलाया फर्नीचरवाला के पिता बने थे जिसे फैंस ने पसंद किया था लेकिन अब दोबारा ऐसा होना फिलहाल मुश्किल नजर आ रहा है।







# एयरलाइन की सर्विस पर भड़कीं कृति खरबंदा

**कृति** खरबंदा बॉलिवुड की उन ऐक्ट्रेसेस में से हैं जो हमेशा दिल से बात करती हैं। वह फैंस के साथ स्टनिंग फोटोज और विडियोज कम ही शेयर करती हैं लेकिन हाल ही में उन्होंने ट्विटर पर एक इंडियन एयरलाइन की क्लास लगाई। दरअसल, कृति ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक एयरलाइन पर गुस्सा उतारा क्योंकि उनका बैग एक बार फिर गायब हो गया। यही नहीं, कृति ने बताया कि एयरलाइन के स्टाफ को बेसिक मैनर्स समझाने की जरूरत है। जैसे ही ऐक्ट्रेस ने एयरलाइन को टैग किया और अपनी शिकायत दर्ज कराई, एयरलाइन के ऑफिशल हैंडल से माफी मांगी गई। हालांकि, इसके बाद भी कृति ने कहा कि उन्हें एयरलाइन की माफी स्वीकार करने में खुशी होगी लेकिन अब भी उनका लगेज नहीं मिला है और टीम ने अब तक उनसे बात भी नहीं की है। कुछ समय बाद एयरलाइन ने कृति को इन्फॉर्म किया कि उनका बैगेज गोवा एयरपोर्ट पहुंचाया जा रहा है। बता दें, इससे पहले भी कृति का इसी एयरलाइन के साथ इश्यू हुआ था। साल 2014 में भी ऐक्ट्रेस ने मिसबिहेवियर और बैग मिसप्लेस होने का मुद्दा सोशल मीडिया पर उठाया था।

# सौरभ गांगुली की बायॉपिक 'दादागिरी' में होंगे रितिक रोशन?

**पिछले** कुछ सालों से बॉलिवुड में स्पोर्ट्स बायॉपिक बनाए जाने का ट्रेंड चल रहा है। केवल प्रड्यूसर-डायरेक्टर्स ही नहीं बल्कि बॉलिवुड ऐक्टर्स भी स्पोर्ट्स बायॉपिक में काम करना चाहते हैं। इस समय परिणीति चोपड़ा साइना नेहवाल की बायॉपिक में काम कर रही हैं जबकि अजय देवगन इस समय 'मैदान' में काम कर रहे है जो कि एक स्पोर्ट्स बायॉपिक है। हाल में हमने आपको खबर दी थी कि प्रड्यूसर-डायरेक्टर करण जौहर पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली की बायॉपिक बनाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई कन्फर्म रिपोर्ट तो सामने नहीं आई है लेकिन पता चला है कि इस बारे में करण जौहर कई बार सौरभ गांगुली से मुलाकात कर चुके हैं। सौरभ को हमेशा 'दादा' कहकर पुकारा जाता है इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म का नाम 'दादागिरी' होगा। इस रिपोर्ट के आने के बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में सौरभ गांगुली का किरदार कौन बॉलिवुड ऐक्टर निभाएगा। कहा जा रहा है कि संभव है कि सौरभ गांगुली का यह किरदार रितिक रोशन को मिल सकता है।